प्रसार भारती
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
16.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को दी जा रही वित्तीय सहायता के बारे में पुनर्विचार की वकालत की।
- मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू ने कहा– साहसिक पर्यटन को व्यापक प्रोत्साहन दे रही है राज्य सरकार।
- ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम को लेकर भाजपा ने आज मंडी में निकाली तिरंगा यात्रा–सैंकड़ों लोगों ने लिया भाग।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में दूरदराज क्षेत्रों में सड़क निर्माण को बताया सरकार की प्राथमिकता।

राजनाथ भुज दौरा

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को दी जा रही वित्तीय सहायता के बारे में दोबारा विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस वित्तीय सहायता का बड़ा हिस्सा आतंकवादी ढांचे को खडा करने में लगायेगा। गुजरात के भुज में वायु सेना अड्डे पर सैनिकों को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि आज के समय में पाकिस्तान को किसी भी तरह की आर्थिक सहायता देने का मतलब है आतंकवादी गतिविधियों के लिए पैसा उपलब्ध कराना है।

रक्षामंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय वायुसेना की त्वरित और निर्णायक कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इसने देश–विदेश में सभी भारतीयों को गौरवान्वित किया है। वायुसेना को पाकिस्तान में स्थित आतंकी ढांचे का सफाया करने में मात्र 23 मिनट लगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि अभी ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है और ये तो मात्र एक ट्रेलर था।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार साहसिक पर्यटन को व्यापक प्रोत्साहन दे रही है और युवाओं को साहसिक खेलों की ओर आकर्षित किया जा रहा है। उन्होंने आज शिमला में एमटीबी हिमालय साईकिल रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसमें देशभर से एक सौ से अधिक साईकिल सवार भाग ले रहे हैं। ये रेस कुफरी, चायल, शिमला, समरहील जैसे मार्गों से

होती हुई 18 मई को संपन्न होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर साईकलिंग ट्रैक की पहचान की जा रही है और शिमला में 37 करोड़ रुपये की लागत से आईस– स्केटिंग रिंक बनाया जा रहा है।

तिरंगा यात्रा

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद देश व प्रदेश में भाजपा की तिरंगा यात्रा जारी है। इसी कड़ी में पार्टी द्वारा आज मंडी में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने विशेष रूप से भाग लिया। मंडी के पड्डल मैदान से लेकर सेरी मंच तक निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया और सारा वातावरण भारत माता की जय के नारों के साथ गूंज उठा। जयराम ठाकुर ने कहा कि तुर्किए द्वारा पाकिस्तान की सहायता करना निंदनीय है और उसके साथ सभी तरह के व्यापारिक समझौते रदद कर देने चाहिए। जयराम ठाकुर ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के पराक्रम को पूरी दुनिया ने देखा और कुछ ही मिनटों में 9 आतंकी ठिकानों को मिट्टी में मिला दिया।

वाणिज्य मंत्री

प्रदेश के सेब उत्पादकों ने केंद्र सरकार से तुर्किए से सेब आयात पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। हिमालयन एप्पल ग्रोअर्स सोसायटी के वैनर तले सेब उत्पाकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से भेंट कर ये मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने सोसायटी के महासचिव राजेश धानटा और भाजपा नेता चेतन बरागटा भी शामिल हुए। इसके अलावा प्रतिनिधिमंडल ने अन्य देशों से सेब आयात पर न्यूनतम आयात मूल्य की सीमा बढ़ाने और आयातित सेबों पर गुणवत्ता मानकों को सख्ती से लागू करने का आग्रह भी किया। केंद्रीय मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल की मांगों पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने भाजपा द्वारा देशभर में निकाली जा रही तिरंगा यात्रा को भारतीय सेना के शौर्य और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की सफलता का अभिनंदन बताया है। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना देश का गौरव है और सेना ने देश का मान बढ़ाने का काम किया है। अनुराग ठाकुर ने समाज के सभी वर्गों से तिरंगा यात्रा में भाग लेने का आहवान करते हुए कहा है कि राष्ट्रभक्ति से परिपूर्ण वातावरण तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने भारतीय सेना के शौर्य को देखा और सराहा है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण व शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला के टुटू में साढ़े छः करोड़ रूपए से तीन मंजिला वाहन पार्किंग का शुभारंभ किया। इसमें लगभग एक सौ वाहनों को पार्क करने

की सुविधा होगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि शिमला व धर्मशाला को स्मार्ट सिटी योजना में शामिल करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने अथक प्रयास किए और उन्हीं के कार्यकाल में इस वाहन पार्किंग का शिलान्यास भी किया गया था। लोक निर्माण मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में प्रदेश के सभी दूरदराज क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि शिमला शहर के अनेक स्थानों पर एक हजार छः सौ करोड़ रूपए की लागत से रोपवे का निर्माण किया जाएगा। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि टुटू और इसके आस पास के क्षेत्रों में पेयजल संकट को दूर करने के लिए लगभग एक हजार दो सौ करोड़ रूपए की सतलुज उठाउ पेयजल योजना चाबा का निर्माण कार्य जोरों पर है। इस मौके पर उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी और अधिकांश का मौके पर ही निपटारा किया। स्थानीय पार्षद मोनिका भारद्वाज ने बताया कि क्षेत्र में लगभग डेढ़ करोड़ रूपए से अधिक की लागत से विभिन्न विकास कार्य करवाए जा रहे हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में जल्द ही डॉक्टरों के दो सौ पद भरे जाएंगे। सोलन ज़िले में कंडाघाट उपमंडल की सकोड़ी पंचायत में आज सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनने के बाद एक जनसभा को संबोधित किया। शांडिल ने कहा कि प्रदेश के लोगों को घरद्वार के समीप बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है और इस दिशा में प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि क्वारग में दिव्यांगजनों की शिक्षा के लिए 80 करोड़ रुपये की लागत से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का निर्माण किया जाएगा। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 75 रोगियों की जांच की गई।

सुरेश कश्यप

सांसद सुरेश कश्यप ने अधिकारियों को केंद्र प्रायोजित योजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। नाहन में आज जिला समन्वय समिति की बैठक में उन्होंने विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। सुरेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश में केंद्र सरकार द्वारा अरबों रूपए की विकास योजनाएं दृचलाई जा रही हैं जिनसे राज्य के सभी क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित हुआ है। सांसद ने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

प्रेस क्लब हमीरपुर

हमीरपुर प्रेस क्लब के आज हुए चुनाव में सुशील शर्मा को लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से प्रेस क्लब का प्रधान चुना गया। इसके अलावा कमलेश भारद्वाज को महासचिव चुना गया है। सुशील शर्मा ने कहा कि पत्रकारों के कल्याण के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे और पत्रकारों की मांगों को मुख्यमंत्री के साथ पुरजोर ढंग से उठाया जाएगा।

भेंट

राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष कुलदीप कुमार ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सचिव राहुल कश्यप से भेंट कर हिमाचल में सफाई कर्मचारियों के कल्याण को लेकर विभिन्न मुददों पर चर्चा की। कुलदीप कुमार ने राहुल कश्यप को राज्य सरकार द्वारा सफाई कर्मचारियों के लिए उठाए जा रहे कदमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इन कर्मचारियों के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। राहुल कश्यप ने हिमाचल में नमस्ते योजना का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करने को कहा।

इस बीच राज्य निजी शिक्षण संस्थान नियामक आयोग के नवनियुक्त सदस्य विजयपाल सिंह ने आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की उन्होंने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि वो पूरी निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।

<u>मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा पाकिस्तान को दी जा रही वित्तीय सहायता के बारे में पुनर्विचार की वकालत की।
- मुख्यमंत्री सुखविंद सिंह सुक्खू ने कहा– साहसिक पर्यटन को व्यापक प्रोत्साहन दे रही है राज्य सरकार।
- ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना के पराक्रम को लेकर भाजपा ने आज मंडी में निकाली तिरंगा यात्रा–सैंकड़ों लोगों ने लिया भाग।

  और
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में दूरदराज क्षेत्रों में सड़क निर्माण को बताया सरकार की प्राथमिकता।

————————————————